मेरा देश फूल सा महके

फिर डाल डाल पर सोने की,
चिड़िया ओ बाबा चहके,
मेरा देश फूल सा महके,
मेरा देश फूल सा महके।।

हे अजर अमर अविनाशी बाबा,
लीले चढ़कर आओ......
जिस ज्ञान को हम सब भूल गए,
वो ज्ञान हमें सिखलाओ,
फिर भारत बन कर जगतगुरु,
सारी दुनिया में चमके,
मेरा देश फुल सा महके,
मेरा देश फुल सा महके।।

जो दानव बनकर घूम रहे,
उन सबको मार गिराओ, आओ......
उठाओ धनुष खेंचो कमान,
अब अपना बाण चलाओ,
कोई भी दानव तीर से तेरे,
जा ना पाए बचके,
मेरा देश फुल सा महके,
मेरा देश फुल सा महके।।

इतनी शक्ति दो श्याम हमें,
की मान ले ये जग सारा, मेरे श्याम....
भारत वासी खुशहाल रहें,
लहराए तिरंगा प्यारा,
करे दास 'अजय' यह विनती,
तेरे चरणों में सर धरके,
मेरा देश फुल सा महके,
मेरा देश फुल सा महके।।

फिर डाल डाल पर सोने की,
चिड़िया ओ बाबा चहके,
मेरा देश फूल सा महके,
मेरा देश फूल सा महके।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23093/title/mera-desh-phool-sa-mehke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |